## कोटा विकास प्राधिकरण की बैठक

**कोटा,** (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के लिए 2047 तक का मास्टर डवलपमेंट प्लान तैयार होगा। केडीए के तहत अधिसूचित रीजन में नए राजस्व ग्राम जोड़ने, क्षेत्र के भावी विकास, सतत एवं सुनियोजित विकास को देखते हुए मास्टर प्लान तैयार करने के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाएगी। यह निर्णय कोटा विकास प्राधिकरण की बुधवार को प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित द्वितीय बैठक में लिया गया है। बैठक में मल्टीमेटल के सामने स्थित मोटर मार्केट में थड़ी व्यवसायियों, मोटर मैकेनिक आदि के पुनर्वास के लिए आवंटन प्रक्रिया से जुड़े प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार कुन्द कुन्द आवासीय योजना में निर्मित आवासों के आवंटन के नए प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। योजना के तहत कुल 318 आवास उपलब्ध हैं। बैठक में संपूर्ण चम्बल रिवर फ्रंट के संचालन को सुगम बनाने एवं केडीए पर आ रहे आर्थिक भार को कम करने के लिए फेसिलिटी मैनेजमेंट सर्विस के तहत विभिन्न कार्यों के संचालन के लिए निविदा आमंत्रित करने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने केडीए रीजन में जोड़े गए बूंदी जिले के तालेड़ा एवं केशोरायपाटन में नगर नियोजन के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए।

# अंतर महाविद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह के साथ शुभारंभ

**हिंडौन सिटी।** सौरभ टी टी कॉलेज खेड़ा में बुधवार को कोटा विश्वविद्यालय कोटा की पुरुष व महिला वर्ग की इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह के साथ शुभारंभ हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दिल्ली एजुकेशन सोसाइटी के सचिव महेश बेनीवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से अपने महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की बात कही।

आयोजन अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ देवेंद्र अठावाल व आयोजन सचिव प्रियकांत बेनीवाल ने बताया कि उद्घाटन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शारीरिक शिक्षा के उप जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह मीना अध्यक्षता राजस्थान देहली एजुकेशन सोसाइटी के सचिव महेश बेनीवाल ने की ।राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा, राजस्थान टी टी कॉलेज के प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश अठावाल , सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक महेंद्र कुमार शर्मा, महावीर जी ब्लॉक प्रभारी भगत सिंह बेनीवाल, ब्लॉक प्रभारी हेमराज मीणा रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ।शारीरिक शिक्षा के उप जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह मीना ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा



सौरभ टी टी कॉलेज खेड़ा में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

खेलो में बेहतर प्रदर्शन करने से नाम रोशन होता है। साथ ही खेलो से रोजगार के अवसर भी मिलने लगे हैं । केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा खेलों में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को समय-समय पर विज्ञिप्त निकाल कर राजकीय सेवा में नियुक्त किया जाता है । इसे देखकर अब खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है । खिलाड़ी मेहनत व लगन से लक्ष्य प्राप्त करें और आगे बड़े ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान देहली एजुकेशन सोसाइटी के सचिव महेश बेनीवाल ने कहा खेलों से मनुष्य निरोगी रहता है खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए । खेलों में हार जीत कोई मायने नहीं रखती है । खेलों में शीर्ष स्थान पर बने रहने के लिए खिलाड़ी मैदान पर प्रतिदिन उपस्थित रहकर निरंतर मेहनत करके उत्कृष्ट प्रशिक्षक का मार्गदर्शन जरूरी है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है । अवसाद से दूर रहने का उपचार भी खेल है । इससे पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्रपट के सामने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की । अतिथियों का प्रियकांत बेनीवाल, युधिष्ठिर भाकर, हेमराज मीणा, भगत सिंह बेनीवाल,आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया । 6 से 13 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में , कोटा, बारा ,झालावाड़ , बूंदी, सवाई माधोपुर,गंगापुर सिटी,करौली जिलों की पुरुष वर्ग की 29 टीम व महिला वर्ग की 7 टीमों के 487 पुरुष महिला खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं । इस प्रतियोगिता को संपन्न करवाने के लिए सौरभ कैंपस के 2 मैदान व काचरोली के 1 मैदान पर आयोजित होंगे । इस प्रतियोगिता में आवास व भोजन व्यवस्था स्थानीय महाविद्यालय में की गई है प्रतियोगिता के आयोजन सचिव प्रियकांत बेनीवाल ने बताया आयोजित मैचों से पूर्व शारीरिक शिक्षा के उप जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह मीणा , देहली एजुकेशन सोसाइटी के सचिव ाहलवान योगेश लवानिया, ताइक्वांडो सचिव व महिला प्रशिक्षक दीप्ति शर्मा, मां अन्नपूर्णा के अध्यक्ष हरीश पाठक, क्लब के नेशनल यूनिवर्सिटी खिलाड़ी लवली माहौर, चारु शर्मा, राहुल जाटव, तुषार पठानिया, गौरव शुक्ला, अमन जाटव, प्रबल लवानिया, तन्मय शर्मा, शांतनु राजपूत, शौर्य सिंह, रौनक, युवराज सिंहाहलवान कॉलेज प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच राजकीय कॉमर्स महाविद्यालय कोटा वर्सेस आइडियल महाविद्यालय केशोराय पाटन के मध्य आयोजित हुऐ।

# गाडी की चेपट में आने से रेल कर्मचारी की मौत

**गंगापुर सिटी ।** जीआरपी थाना क्षेत्र के सवाई माधोपुर-गंगापुर रेलखंड स्थित मखोली स्टेशन के पास मंगलवार देर शाम को ट्रेन से कटकर एक रेलवे कर्मचारी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर गंगापुर सिटी जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल में लाया गया। बुधवार सुबह शव का पोस्टमॉर्टम अस्पताल के डॉ. वेणीमाधव गुप्ता ने किया। बाद में शव को जीआरपी थाना पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया गया। गंगापुर जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

जीआरपी थाने के सहायक उप निरीक्षक दिलावर सिंह ने बताया कि रानेटा (सपोटरा) निवासी हाल गंगापुर निवासी कर्मचारी देवीलाल मीणा (45) रेल पटरियों के रखरखाव के काम आने वाली टीटीएम मशीन विभाग में टेक्नीशियन पद पर कार्यरत था। इन दिनों देवीलाल की ड्यूटि मखोली में टीटीएम मशीन पर लगी हुई थी। रोज की तरह ब्लॉक लेकर मशीन रेल पटरियों के रखरखाव का अपना काम कर रही थी। इसी काम के दौरान शाम करीब साढे पांच बजे देवीलाल पास की पटरी पर पहुंच गया।

यहां पर देवीलाल बयाना-जयपुर ट्रेन की चपेट में आ गया। इस घटना में देवीलाल का शरीर क्षतविक्षत हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची गंगापुर सिटी जीआरपी थाना पुलिस ने कोटा-मथुरा ट्रेन में शव को गंगापुर पहुंचाया। यहां रात होने के बाद में शव को मॉर्च्युरी में रखा गया। जहां बुधवार सुबह परिजनों के आने पर पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों सौंप दिया गया।

## निशुल्क कैंप 12 को

**भरतपुर** (निस)। कैला देवी क्षेत्र विकास संस्थान झील का बाड़ा की ओर से 12 नवंबर को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पीठ एवं गर्दन दर्द सहित रीढ की हड्डी में फैलाव, जोड़, मांसपेशियों में दबाव, हर्नियटेड, डिस्क डी जनरेतीव, साइटिका, सर्जरी बाद दर्द, पीठ, गर्दन दर्द, स्लिप डिस्क आदि रोगो का दी डीकंप्रेशन ट्रेक्शन सिस्टम मशीन से उपचार किया जाएगा। मंत्री बृज किशोर शर्मा ने बताया कि डी कंप्रेशन ट्रेक्शन सिस्टम भरतपुर संभाग की पहली मशीन है। कैंप का आयोजन 12 नवंबर मंगलवार को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक कोतवाली चौराहा डॉक्टर एच एन शर्मा कैंपस में होगा। जिसमें फिजियोथैरेपिस्ट डॉ वीएन शर्मा और उनकी टीम निशुल्क के उपचार करेगी। मंत्री बृज किशोर शर्मा ने बताया कि डीकंप्रेशन ट्रेक्शन सिस्टम मशीन अत्यधिक तकनीक से युक्त है। जो की कंप्यूटर और मोटराइज्ड सिस्टम से चलती है।

# सवा लाख दीपकों से जगमगाएगा तीर्थराज विमल कुंड



**कामां** (निस)। श्री तीर्थराज विमलकुण्ड दीपदान महायज्ञ समिति कामां द्वारा देवउठनी एकादशी के शुभ पर्व पर कामवन धाम कामां में 50 वर्षों से भी अधिक समय से चली आ रही परम्परानुसार इस वर्ष भी 12 नवम्बर मंगलवार को विशाल दीपदान का भव्य आयोजन किया जाएगा। देव उठनी एकादशी पर सांय पांच बजे से श्री तीर्थराज विमल कुंड पर दीपदान महोत्सव आयोजित होगा। इस आयोजन मे तीर्थराज विमल कुंड को सवा लाख दीपकों से सुसज्जित कर विश्व कल्याण व शांति का संदेश दिया जाता है एवं इस आयोजन के दर्शन लाभ हेतु देश विदेश के पर्यटक व भक्त गण सहित कस्बे एवं आसपास के क्षेत्रो से बहुतायत मे श्रद्धालु श्री तीर्थराज विमलकुण्ड पर आते है। और भव्य दीपदान का मनमोहक नजारा देखते हैं साथ ही मोबाइल फोन व कैमरे से अपने लिए तस्वीरें भी लेते है।

# मजदूर संघ ने यूपीएस के खिलाफ भरी हुंकार

**गंगापुर सिटी ।** बेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने यूपीएस के खिलाफ हुंकार भरते हुए सरकार से ओपीएस को लागू करने की मांग की। बुधवार को बेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मंडल सचिव अब्दुल खालिक स्वर्ण मंदिर मेल से गंगापुर सिटी पहुंचे जहां पहुंचने पर संघ कार्यकर्तायो उनका जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात टी आर डी ऑफिस एवं रेलवे चिकित्सालय गंगापुर सिटी में रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने सभी रेल कर्मचारियों को दीपावली के पावन पर्व की बधाई देते हुए कहा कि रेल कर्मचारियों के लिए आगे का समय संघर्षो भरा रहने वाला है। आप सभी साथी संघर्ष के लिए तैयार रहे। बेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ पुरानी पेंशन स्कीम की लडाई को जब तक जारी रखेगा जब तक हमें सफलता नहीं मिलती।इसी प्रकार हमारे सामने आने वाले समय में विभिन्न चुनौतियां हैं लेकिन हम एकजुट होकर संघर्ष करना है, चार-पांच-छह दिसंबर में मान्यता के चुनाव है। सभी साथियों से अनुरोध की बेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ आप सबके सुख-दुख का साथी है इसलिए बेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के चुनाव चिन्ह गाय पर मोहर लगाकर मजदूर संघ को नंबर एक यूनियन बनाकर एक उद्योग एक यूनियन के सपने को साकार बनाना है। किसी के बहकावे में नहीं आकर आपके अपने संगठन बेस्ट सेंटर रेलवे मजदूर संघ को मतदान करना है। इस मौके पर मंडल कोषाध्यक्ष डीके शर्मा उप मंडल सचिव समय सिंह मीणा केंद्र कार्यकारिणी सदस्य पीसी मीणा शाखा अध्यक्ष आर डी मीना शाखा सचिव शेर सिंह मीणा बलराम गुर्जर मुंशी राम मीणा अशोक मीणा भंवर सिंह कठेरिया के एल मीणा कालू राम मीणा ऋषिकेश मीणा शमशाद खान असलम खान विजय अ दलपुर राजकुमार मीणा राम नरेश मीणा अशोक मीणा राकेश राजेंद्र लोकेंद्र सिंह सतपाल सिंह रविंद्र अशोक सुरेंद्र भवानी सिंह राजावत सहित सैकडों रेल कर्मचारी मौजूद थे।

## आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर** (निस)। थाना सेवर पुलिस ने धोखाधडी कर एटीएम बदलकर 20 हजार रूपये निकाल लेने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 1 अगस्त को दीपक कुमार पुत्र दीनदयाल उम्र 40 साल जाति ब्राह्मण निवासी गांधी नगर थाना सेवर ने एक रिपोर्ट इस आशय की पेश कि की मेरे मोबाईल पर 10-10 हजार रूपये डेबिट होने के मैसेज आये तो पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरे खाते से दो बार में पैसे निकाले है। तब मैने मेरा एटीएम देखा तो किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरा एटीएम बदलकर पैसे निकाले है। इस सम्बन्ध में थाना सेवर पर मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। एएसआई योगेश कुमार मय जाप्ता द्वारा दौराने अनुसंधान इस मामले में आरोपी सोनू पुत्र साहबसिंह उम्र 22 साल जाति पुजारी निवासी गांधीनगर थाना सेवर को गिरफतार किया गया हैं।

# पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न

**झालावाड़,** (कासं)। जिला पर्यावरण समिति की बैठक जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बुधवार को मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने पर्यावरण प्रदूषण से बचाव हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर जिला पर्यावरण समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए जिले में पूर्ण रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद् झालावाड़ आयुक्त एवं नगर पालिका झालरापाटन के अधिशासी अधिकारी को शहरी क्षेत्र में वृहद् स्तर पर अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक की जप्ती की कार्यवाही के निर्देश दिए।इस दौरान जिला कलक्टर ने जिले में चल रहे अवैध क्रेशरों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने तथा सभी क्रेशर की आधुनिकतम मशीनों के माध्यम से जांच करने के निर्देश राजस्थान प्रदुषण कन्ट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को दिए। उन्होंने वन क्षेत्रों में संचालित क्रेशर से पर्यावरण प्रदूषण होने की बात पर उनकी भी जांच के आदेश उप वन संरक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जिले में सरकारी भूमि पर चल रहे ईंट भट्टों को भी हटवाने के निर्देश दिए।

# दीपावली स्नेह मिलन महोत्सव सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। अखिल ब्राह्मण महासभा कोटा द्वारा अन्नकूट महोत्सव और दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। अध्यक्ष लहरी शंकर गौत्तम ने बताया कि इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया और अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत सुंदर कांड का पाठ भी हुआ, जिससे कार्यक्रम में धार्मिक और सांस्कृतिक उल्लास का संचार हुआ। महामंत्री नन्द किशोर शर्मा ने बताया कि महिला अध्यक्ष कल्पना शर्मा व महामंत्री अम्बिका शर्मा सहित महिला मण्डल ने भी सुंदर काण्ड में उपस्थित दर्ज करते हुए प्रभु राम के जयकारे लगाए। संभागीय अध्यक्ष राम स्वरूप शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में 11 वरिष्ठ जनो को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में महासभा के प्रमुख पदाधिकारी और समाज के गणमान्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित पदाधिकारियों में संभागीय अध्यक्ष राम स्वरूप शर्मा, अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम, महामंत्री नन्द किशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष एम. एम. शर्मा और गोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष रघुनन्दन शर्मा, अध्यक्ष कल्पना शर्मा व महामंत्री अम्बिका शर्मा, सूरज लता शर्मा, उर्मिला गौतम, और संयुक्त मंत्री राजेंद्र मोहन गौतम सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। सदस्य बृजमोहन शर्मा, दिनेश दुबे, नीमेश पुरोहित, योगेन्द्र दिक्षित, योगेन्द्र त्यागी, राघवेंद्र शर्मा, और कपिल कंटू सहित कई सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। महामंत्री नन्द किशोर शर्मा ने बताया कि समारोह का उद्देश्य समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान करना और समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देना था। महासभा के इस आयोजन से समाज के लोगों में आपसी प्रेम और सम्मान को बढ़ावा मिला। इस अवसर पर महर्षि गौतम छात्रावास समिति का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हेमेंद्र शर्मा तथा राजेन्द्र मोहन गौतम व नरेश चन्द्र गौतम के पदाधिकारी नियुक्त होने पर अखिल ब्राह्मण महासभा कोटा द्वारा सम्मान किया गया।

## कार्यशाला आयोजित

**कोटा,** (निसं)। कोचिंग नगरी कोटा में तनाव से सम्बंधित कई ऐसे विषय सामने आए जो बेहद गंभीर थे, ऐसे में कोचिंग स्टूडेंट ही नहीं बल्कि अधिकांश लोगों में तनाव होता है और वहीं तनाव कई बीमारियों के साथ समस्या का कारण बनता है।अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा लगातार तनाव को कम करने, उससे बचाव और तनाव के दौरान और बाद में उत्पन्न परिस्थितियों पर मंथन किया जा रहा है, विषय विशेषज्ञ अपने अनुभव के आधार पर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। कोचिंग स्टूडेंट के साथ आमजन की लगातार काउंसलिंग की जा रही है।

# पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर राहुल प्रकाश ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**भरतपुर** (निस)। पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर राहुल प्रकाश ने अपने कार्यालय में जयशंकर टाईगर क्लब के खिलाड़ियों को साउथ कोरिया से प्राप्त ताइक्वांडो खेल में ब्लैक बेल्ट व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ब्लैक बेल्ट परीक्षा का आयोजन सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में आयोजित हुई जिसका आयोजन राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन एवं ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के मार्गदर्शन में किया गया। परीक्षा ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक मनोज कुमार एवं राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सैनी व सचिव लक्ष्मण सिंह हाडा के सानिध्य में ली गई। टाईगर क्लब के ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट खिलाड़ियों ने भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में अपने कर्तव्य दिखाएं। जिसे देखकर पुलिस महानिरीक्षक अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने जयशंकर टाईगर क्लब के खिलाड़ियों को विलक्षण प्रतिभा का धनी बताते हुए शुभकामनाएं व बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान क्लब के कराते संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष व अन्नपूर्णा रसोई के निर्देशक विष्णु दत शर्मा, भरतपुर ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा, टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर एवं ब्राह्मण समाज राजस्थान भरतपुर के जिलाध्यक्ष



पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

हरीश पाठक व अन्य पदाधिकारियों ने भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक महोदय राहुल प्रकाश का पटका, गुलदस्ता एवं क्लब का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित खिलाड़ियों में ऐश्वर्या शर्मा द्वितीय डिठाी ब्लैक बेल्ट, दीक्षा सिंह, आदित्य सिंह, राम्या शर्मा को प्रथम डिठाी ब्लैक बेल्ट प्राप्त हुई एवं इंडियन ताइक्वांडो नेशनल रेफरशिप प्रमाण पत्र पीयूष जयशंकर टाइगर एवं दीप्ति शर्मा को दिया गया। इस क्लब से पूर्व में भरतपुर संभाग से सबसे कम उम्र में साउथ कोरिया से ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाले ऐश्वर्य शर्मा एवं जापान से कराते खेल में भरतपुर की प्रथम महिला ब्लैक बेल्ट नेहा शर्मा को खिताब मिल चुका है। जिन्होंने राजस्थान एवं भरतपुर जिले का नाम रोशन किया। यह संस्था 1982 से निरंतर खिलाड़ियों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दे रही है और भरतपुर जिले की बेटियों को सशक्त बनाने में मिल का पत्थर साबित हो रही है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिरीक्षक के निजी सचिव एवं जयशंकर टाईगर क्लब के पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ी विष्णु शर्मा ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों एवं पदाधिकारी को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर क्लब में आकर भरतपुर मार्शल आर्ट के संस्थापक स्वर्गीय जयशंकर टाईगर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं पदाधिकारियों व खिलाड़ियों ने क्लब में आतिशबाजी की और मिठाई वितरित कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा, उपाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, वरिष्ठ खिलाड़ी नेहा शर्मा, सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर, भरतपुर ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष पवन पाराशर, जूडो के वरिष्ठ खिलाड़ी पोहप सिंह जादौन, आदि अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### ई-मित्रों का निरीक्षण किया

**करौली**(नि.स.)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने सूचना एवं प्रौधोगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक, जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले में संचालित ई-मित्रों, सीएससी के द्वारा कतिपय प्रकरणों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन पत्रों के साथ संलग्न दस्तावेजों यथा जमाबंदी इत्यादि में फर्जकारी, एडिटिंग कर अपात्र कृषकों को लाभान्वित करवाया जा रहा है, जो विधि विरूद्ध है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से जिले में स्थापित ई-मित्रों का स्वयं अपने अधिनस्थ स्टॉफ के माध्यम से औचक निरीक्षण कर आवेदनों के साथ अपलोड किये जाने वाले दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन करे एवं निरीक्षण के दौरान अनियमितता एवं दोषी पाये जाने वाले ई-मित्र केन्द्रों, सीएससी रजिस्ट्रेशन को नियमानुसार निरस्त कराना सुनिश्चित करते हुए ई-मित्र, सीएससी संचालक एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार करने वाले आवेदकों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

### भव्य जागरण व भण्डारा 7 नबम्बर को

**गंगापुर सिटी।** मां गुमानो बीजासणी देवी करणपुर वाली सेवा समिति के तत्वाधान में हर माह की छठ को जाने वाली मासिक बसयात्रा आज गुरूवार को थोक फल सब्जी मण्डी से दोपहर 1 बजे रवाना होगी। महामंत्री गोपाल सोनी ने बताया कि जागरण के दौरान मातारानी की चूंदरी की लॉटरी भी निकाली जायेगी। वापसी में सभी भक्तो को खोहरी व कैलादेवी मैया के दर्शन भी कराये जायेंगे। समिति अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि 7 नबम्बर को करणपुर देवी के दरबार मां गुमानो यात्री निवास में विशाल भण्डारा व जागरण का आयोजन किया जायेगा। समिति अध्यक्ष महेश शर्मा ने माता रानी के सभी भक्तो से अधिक से अधिक संख्या में चल कर माता रानी के जागरण में भाग लेने की अपील की है।

### शिविर 11 नवम्बर को आयोजित

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा भरतपुर द्वारा कोषालय में 4 नवम्बर से जीवित प्रमाण पत्र भराने का कार्य समाज के सहयोग से किया जा रहा है। निदेशक पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार उप कोषालय एवं जिला कोषालय स्तर पर विशेष शिविर 11 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी पेंशनर्स जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक रूप से उपस्थित होकर जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर देवें, प्रमाण पत्र के अभाव में आगामी माह का वेतन भुगतान किया जाना सम्भव नहीं हो पायेगा। कृपया सभी पेंशनर उक्त विशेष शिविर का लाभ उठावें।

### विधायक सूरतगढ का स्वागत किया

**भरतपुर** (निस)। प्रजापति विकास सेवा समिति भरतपुर के अध्यक्ष कैप्टेन मिठ्ठन सिंह लुधावई द्वारा टोल प्लाजा पर डूँगरराम गैदर विधायक सूरतगढ का भरतपुर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। जिसमें प्रेम सिंह प्रजापत वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहर कांठोस कमेटी भरतपुर, प्रजापति विकास सेवा समिति के महामंत्री दीपचंद दौरदा, हवलदार हेतराम, गुडडू, पूर्व सरपंच लुधावई राजेश, लोकेश प्रजापति, मनीष प्रजापति, उदयराम पोस्ट मास्टर, चंदन सिंह लुधावई, निर्भय, गोलू लुधावई आदि मोजूद थे।

### क्रिकेट प्रतियोगिता 12 नवम्बर से

**गंगापुर सिटी ।** अण्डर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर द्वारा 7 नवंबर को इंदिरा मैदान पर प्रात 1० बजे से जिले की टीम के लिए खिलाडयों का चयन किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर के सचिव डॉक्टर दीपक राज ने बताया कि इस प्रतियोगिता में वहीं खिलाडी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म ०1/०9/2०1० व 31/०8/2०12 के बीच में हुआ हो। खिलाडी अपना जन्म प्रमाण पत्र, पिछले 3 साल की मार्कशीट, मूल निवास, आधार कार्ड, तथा माता-पिता के आधार कार्ड व वोटर आईडी की मूल प्रति साथ लेकर आए। टीम चयन की जिम्मेदारी जितेंद्र उपाध्याय, रजनीकांत जैन, सूर्य प्रकाश शर्मा को दी गई है। चयनित टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

### सम्मान किया

**भरतपुर** (निस)। भारतीय वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष शहर भरतपुर के द्वारा जिला अध्यक्ष संतोष फौजदार की बेटी दीपाली फौजदार एवं तन्वी सिंहल बेटी कृष्ण कुमार सिंहल का न्यायिक सेवा में चयन होने पर राष्ट्रीय लोक दल शहर भरतपुर के द्वारा उनके घर जाकर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। दोनों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। शहर अध्यक्ष विनोद गुप्ता एलआईसी आलोक गुप्ता महामंत्री कुलदीप सचिव एड. सुरेश गुप्ता उपाध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

### रात्रि चैपाल का आयोजन आज

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि आज गुरूवार को सांय 6 बजे से ठाम पंचायत गुनेसरा, पंचायत समिति करौली, में रात्रि चैपाल व जनसुनवाई में आमजन की समस्याऐं सुनकर उनका निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है।

### समिति की बैठक 14को

**करौली** (नि.स.)। मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना ने बताया है कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम त्रैमासिक बैठक सांसद भजन लाल जाटव की अध्यक्षता में 14 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से जिला कलेक्ट्रेट सभागार करौली में आयोजित की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों के बैठक में भाग लेने व समय पर उपस्थित होने के संबंध में निर्देश जारी किये है।

### भदान व बापू कॉलोनी का दौरा किया

**कोटा,** (निसं)। मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर जिला कलक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी और सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी के निर्देश पर बुधवार को चिकित्सा विभाग की जिला स्तरीय टीम ने भदाना, हुसैनी नगर और बापू कॉलोनी का दौरा किया। टीम में कीट विज्ञानी डीपी चौधरी, एपीडेमियो लोजिस्ट डॉ विनोद प्रभाकर और मेडिकल कॉलेज पीएसएम विभाग के डॉ श्याम कुमावत ने डेंगू केस पर की जा रही एक्टिविटी को क्रॉस चेक किया। सर्वे टीमों को एंटी लार्वा कार्यवाही में उपयोग लिए जा रहे रसायन एमएलओ व टेमीफोस के सही उपयोग के बारे में समझाया। टीमों को निर्देश दिए कि सर्वे के दौरान घरों में फ्रिज के पीछे की ट्रे व छत पर रखे कबाड़ को भी चेक किया जाए। प्रत्येक कूलर में टेमीफोस डाली जाए। प्रत्येक घर में पायरेथ्रम का स्प्रे करें एवं जागरूकता की आईईसी अधिक से अधिक की जाए। आमजन को लार्वा प्रदर्शन कर जागरुक किया जाए। लार्वा से मच्छर के पनपने की जानकारी दी जाए। टीम सुपरवाइजर को निर्देशित किया कि प्रत्येक आशा वर्कर, एएनएम से कम से कम 35 घरों की एंट्री मरूधर डीबीसी एप पर करें एवं लार्वा मिलने पर संबंधित को नोटिस जारी करें और नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक को बुला के चालान करवाएं। सेक्टर की एचआई-बीआई को भी लगातार मॉनीटर करें।

### लावारिस हालत में मिला मजदूर का शव

**कोटा,** (निसं)। रेलवे कॉलोनी थाना इलाके के भदाना क्षेत्र में एक मजदूर का शव लावारिस हालत में मिला सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर ही मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन मौके पर मृतक की शिनाख्त नहीं होने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया पुलिस ने मृतक के पास मिले दस्तावेज के आधार पर मृतक की शिनाख्त मांगरोल निवासी राजेंद्र के रूप में की, प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पिछले 1 साल से कोटा में रहकर मजदूरी करता था पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया।

### केंद्रीय कारागृह किया निरीक्षण

**कोटा,** (निसं)। राज्य सरकार के आदेश पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को कोटा के केंद्रीय कारागृह में औचक सघन जांच निरीक्षण किया। कोटा के केंद्रीय कारागृह में किए गए औचक जांच अभियान में शहर के चार पुलिस उप-अधीक्षक 20 थानाधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को जांच में लगाया गया। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर अनिल कुमार सिंघल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दिलीप कुमार सैनी, महिला अपराध एवं अनुसंधान सेल के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कालूराम वर्मा के निर्देशन में कोटा के केंद्रीय कारागृह में बंदियों के सामानों, बैरिक, लंगर हॉल, जेल के अस्पताल, हार्डकोर अपराधियों की बैरिक की सघन जांच की गई।